नं. जेड-14014/1/2021-जीसी एण्ड पार्लि. (ई-3010921)

भारत सरकार

ग्रामीण विकास मंत्रालय

(भूमि संसाधन विभाग)

एनबीओ बिल्डिंग, निर्माण भवन,
नई दिल्ली-110011,
दिनांक: 16.12.2021

## कार्यालय ज्ञापन

**विषय: नवंबर, 2021 माह के दौरान भूमि संसाधन विभाग के महत्वपूर्ण कार्यकलापों का मासिक सार- के संबंध में।**

अधोहस्ताक्षरी को नवंबर, 2021 माह के लिए भूमि संसाधन विभाग के महत्वपूर्ण कार्यकलापों के मासिक सार के अवर्गीकृत भाग की एक प्रति इस पत्र के साथ संलग्न करने का निदेश हुआ है।

**संलग्नकः यथोक्त।**

अर्जुन राणा

**(अर्जुन राणा)**
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 011-23044653

**सेवा में,**
मंत्री परिषद के सभी सदस्य।

**प्रतिलिपि प्रेषितः-**

1. भारत के राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली -110004
2. भारत के उप-राष्ट्रपति के सचिव, नं. 5, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली -110011
3. भारत के प्रधान मंत्री के प्रधान सचिव, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली -110011
4. उपाध्यक्ष, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली।
5. सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, नई दिल्ली।
6. सचिव, कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग, नई दिल्ली।

7. सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली।

8. सचिव, पंचायती राज मंत्रालय, नई दिल्ली।

9. सचिव, जल शक्ति मंत्रालय, नई दिल्ली।

10. सचिव, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, नई दिल्ली।

11. सचिव, विद्युत मंत्रालय, नई दिल्ली।

12. सचिव, खान मंत्रालय, नई दिल्ली।

13. सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, नई दिल्ली।

14. सचिव, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली।

15. सचिव, रेल मंत्रालय, नई दिल्ली।

16. सचिव, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, नई दिल्ली।

17. सचिव, व्यय विभाग, नई दिल्ली।

18. सचिव, आर्थिक कार्य विभाग, नई दिल्ली।

19. सचिव, रक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली।

20. सचिव, भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय, नई दिल्ली।

21. निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110004

22. तकनीकी निदेशक, (एनआईसी), भूमि संसाधन विभाग, को विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

**प्रतिलिपि सूचनार्थः**

1. माननीय ग्रामीण विकास तथा पंचायती राज मंत्री के निजी सचिव।
2. माननीया राज्य मंत्री (ग्रामीण विकास तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण) के निजी सचिव।
3. माननीय राज्य मंत्री (ग्रामीण विकास तथा इस्पात) के निजी सचिव।

**नवंबर, 2021 माह के दौरान भूमि संसाधन विभाग के महत्वपूर्ण कार्यकलापों का मासिक सार**

1. डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख प्रबंधन कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी) पर 16 नवम्बर, 2021 को माननीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री, श्री गिरिराज सिंह की अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, माननीय राज्य मंत्री (ग्रामीण विकास एवं इस्पात) एवं साध्वी निरंजन ज्योति, माननीया राज्य मंत्री (ग्रामीण विकास और उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण) ने इस अवसर पर उपस्थित होकर कार्यशाला की शोभा बढ़ाई। मध्य प्रदेश के माननीय राजस्व मंत्री, श्री गोविन्द सिंह राजपूत भी इस कार्यशाला में शामिल हुए।

इस राष्ट्रीय कार्यशाला में 27 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इस कार्यशाला के दौरान 10 राज्यों नामत: असम, आंध्र प्रदेश, बिहार, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, ओडिशा, त्रिपुरा, एवं उत्तर प्रदेश ने डीआईएलआरएमपी में उनके द्वारा अपनाए गए सर्वोत्तम कार्यकलापों को प्रस्तुत किया।

माननीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री ने राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन समारोह के दौरान राष्ट्रीय जेनेरिक दस्तावेज पंजीकरण प्रणाली (एनजीडीआरएस) पोर्टल का शुभारंभ किया।

2. माननीय ग्रामीण विकास मंत्री ने 23.11.2021 को शिवाजी स्टेडियम कार्यालय परिसर में वाटरशेड प्रबंधन प्रभाग के नए कार्यालय का उद्घाटन किया। माननीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री तथा माननीय पंचायती राज राज्य मंत्री भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

3. माननीय ग्रामीण विकास मंत्री ने लंबित संदर्भों के निपटान तथा स्वच्छता पर विशेष अभियान के तहत की गई उपलब्धियों का आकलन करने हेतु 18.11.2021 को विभाग के एनबीओ स्थित कार्यालय परिसर का निरीक्षण किया।

4. माननीय ग्रामीण विकास मंत्री ने कृषि मंत्रालय के साथ वाटरशेड क्षेत्रों में बागवानी मिशन के समामेलन अवसरों की खोज पर 17.11.2021 को बैठक का आयोजन किया।

5. सचिव (भूमि संसाधन) ने मंत्रिमंडल सचिव द्वारा यथा निर्देशित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के भूमि अधिग्रहण से संबंधित रैंकिंग के लिए सॉफ्टवेयर/एमआईएस की तैयारी तथा प्रदर्शन की

समीक्षा करने के लिए 30 नवम्बर, 2021 को राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ वीडियो कान्फ्रेंस (वीसी) के माध्यम से एक बैठक की।

6. अपर सचिव (भूमि संसाधन) ने अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार के साथ 10.11.2021 को विश्व बैंक की टीम के साथ रिवार्ड (आरईडब्ल्यूएआरडी) परियोजना पर वार्ता के लिए विभाग का नेतृत्व किया।

7. प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना के वाटरशेड विकास घटक (डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई) के अधीन आज की तारीख तक कुल 6382{8214 (संस्वीकृत) - 1832 (राज्यों को हस्तांतरित)} परियोजनाओं में से 5161 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। अब तक 3838 परियोजनाओं का एंडलाइन मूल्यांकन पूरा हो चुका है।

8. डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी) के विभिन्न घटकों की प्रगति (संचयी) की वर्तमान स्थिति निम्नानुसार हैः-

(i) 6,01,125 गांवों के भूमि अभिलेखों का कंप्यूटरीकरण पूरा किया गया।

(ii) 4,883 उप रजिस्ट्रार कार्यालयों में रजिस्ट्रीकरण का कंप्यूटरीकरण पूरा किया गया।

(iii) 1,10,94,349 भूकर मानचित्रों/एफएमबी/टिप्पणों का डिजिटलीकरण पूरा किया गया।

(iv) 3,983 उप रजिस्ट्रार कार्यालयों का भूमि अभिलेखों के साथ एकीकरण पूरा किया गया।

(v) 2,508 तहसीलों में आधुनिक अभिलेख कक्षों की स्थापना पूरी की गई।

*****